आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 127 | उज्जैन, सोमवार 31 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा-मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई डी-लिट की मानद उपाधि

उज्जैन। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक श्री कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत आनन्द का अनुभव हो रहा है। दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं आत्मीय बधाई देता हूँ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा, धर्म, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और व्यापार के क्षेत्रों में भारत के मानचित्र पर उज्जैन की अपनी विशिष्ट पहचान है। क्षिप्रा के पवित्र तट पर बसे उज्जैन नगर में विद्याध्ययन की अभिलाषा से आये श्रीकृष्ण की कथा पूरे संसार में प्रसिद्ध है। महर्षि सान्दीपनि के गुरुकुल का यह पुरातन क्षेत्र आज भी जन-जन की आस्था का केन्द्र है, जहाँ स्वयं जगद्गुरु ने शिक्षा पायी थी।

## वक्फ संशोधन विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी पूरी, इसी सत्र में बिल पास कराने की कोशिश करेगी सरकार




नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी दलों की ओर से आए कुछ सुझावों को शामिल करने के बाद संयुक्त संसदीय समिति ने वक्फ विधेयक में संशोधन को लेकर जो सुझाव दिए हैं, उसे सरकार ने मान लिया है।

वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी के पास भेजा गया था- बताया जा रहा है कि उसी आधार पर सरकार की ओर से ईद के बाद संभवतः मंगलवार को लोकसभा में वक्फ विधेयक पेश किया जा सकता है। कोशिश यह होगी कि इसी सत्र में कम-से-कम एक सदन से विधेयक पारित हो जाए। अगस्त 2024 में वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी के पास भेजा गया था।

विधेयक को पारित कराने के लिए पर्याप्त संख्या जरूरी- बजट सत्र के पहले सप्ताह में जेपीसी ने अपनी रिपोर्ट भी दे दी थी। बताते हैं कि सरकार ने रिपोर्ट देख ली है और उसी अनुसार पुराने विधेयक में कुछ बदलाव की तैयारी हो गई है। विपक्षी दलों को इसका अहसास है कि सरकार के पास किसी विधेयक को पारित कराने के लिए पर्याप्त संख्या है।

ऐसे में विपक्षी दलों की ओर से भाजपा के सहयोगी दलों-जदयू, तेदेपा और लोकजनशक्ति पार्टी के नेताओं से संपर्क साधने की कोशिश हो रही है और सार्वजनिक बयानों में उन्हें आगाह भी करने की कोशिश हो रही है।

## ऊर्जा क्षेत्र में होने वाले हैं कई बदलाव, देश को आधार कार्ड देने वाले नंदन नीलेकणी का बड़ा दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। इन्फोसिस के सह-संस्थापक और आधार के निर्माता नंदन नीलेकणी का मानना है कि भारत में ऊर्जा क्षेत्र में अगला बड़ा बदलाव होगा, जैसा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने देश के वित्तीय क्षेत्र में क्रांति ला दी है।

एक कार्यक्रम में उद्यमियों से बात करने के दौरान उन्होंने घरों में सोलर पैनल लगाने और लोगों को ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भागीदार बनाने की बात की।

घरों में सोलर पैनल और EV बैटरियां- नीलेकणी ने कहा कि अब हम ऊर्जा को छोटे पैमाने पर खरीदते हैं, जैसे एलपीजी गैस सिलेंडर खरीदना, लेकिन बिजली हमेशा हम ग्रिड से ही लेते थे। लेकिन अब, हर घर सोलर पैनल लगाया जा सकता है और हर घर में इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी होगी।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि हर घर ऊर्जा का उत्पादक, विक्रेता और खरीदार बनेगा। यह बदलाव भारत में ऊर्जा क्षेत्र को डिजिटल पेमेंट्स की तरह बदलने की संभावना को जन्म देगा।

## आरएसएस पेड़ से बन गया वटवृक्ष, नागपुर में पीएम मोदी ने संघ के योगदान का किया जिक्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर दौरे पर हैं और इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय का भी दौरा किया। पीएम मोदी और आरएसएस का साथ वर्षों पुराना है और संघ के 100 साल पूरा होने पर पीएम मोदी आरएसएस के नागपुर मुख्यालय पर पहुंचे और स्वयंसेवकों की जमकर तारीफ की।

आरएसएस के बारे में क्या कहा- पीएम मोदी ने आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और गुरुजी गोलवलकर को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ का 100 साल पहले बोया गया पेड़ अब वटवृक्ष बन गया है।

उन्होंने कहा कि इसी साल आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 साल पूरे हो रहे हैं और इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डॉ. साहब और पूज्य गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य मिला है।

डॉ. हेडगेवार को किया याद - पीएम मोदी ने डॉ. हेडगेवार और एमएस गोलवलकर के प्रभाव को स्वीकार करते हुए कहा, मेरे जैसे अनगिनत लोग परम पूज्य डॉक्टर साहब और पूज्य गुरुजी के विचारों से प्रेरणा और शक्ति प्राप्त करते हैं। इन दो महान लोगों को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात है, जिन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली भारत की कल्पना की थी।

## भाषा के नाम पर देश मत तोड़ो, राजनाथ सिंह बोले- कुछ लोग तमिल और हिंदी को लेकर विवाद पैदा कर रहे



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को भाषा के मुद्दे पर द्रमुक के रुख की आलोचना की और कहा कि भाजपा हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग की भावना है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भाषा के नाम पर देश को तोड़ने की कोशिशें बंद होनी चाहिए। तमिल रानी वेलु नचियार को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग तमिल और हिंदी को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं।

केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप- उन्होंने उत्तर भारत में वेलु नचियार के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है।

दोनों दलों के बीच वाकयुद्ध और तेज होने वाला है, क्योंकि राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग मुगल शासक औरंगजेब को अपना आदर्श मानते हैं, जिसने कई धर्मों के अनुयायियों पर अत्याचार किया था।

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के युग की शुरुआत की है।

## डिफेंस प्रोडक्शन में भारत का जलवा, 2029 तक तीन लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन करने की तैयारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने और 50 हजार करोड़ रुपये की रक्षा सामग्री के निर्यात का है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर दी है।

सरकार ने बताया है कि उसकी योजना भारत को रक्षा सामग्री के उत्पादन का हब बनाने की है। रक्षा उत्पादन बढ़ाने से रक्षा सामग्री के आयात पर हमारी निर्भरता कम हो रही है और हम आत्मनिर्भर बनने के साथ ही रोजगार पैदा कर रहे हैं और विदेशी मुद्रा भी प्राप्त कर रहे हैं।

## क्या है MY BHARAT कैलेंडर? गर्मी की छुट्टियों के लिए किया गया तैयार; पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया जिक्र




नई दिल्ली (एजेंसी)। धानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 120वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से पीएम मोदी ने सभी लोगों को चेत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आज के दिन को बेहद पावन दिन बताया है।

भारतीय नववर्ष और गुड़ी पाड़वा की भी शुभकामनाएं- पीएम मोदी ने इस दौरान गुड़ी पाड़वा और भारतीय नववर्ष की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, आज चैत्र नवरात्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि है। आज से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है और आज से भारतीय नववर्ष की भी शुरुआत हो रही है।

यह बेहद पावन दिन है- पीएम मोदी ने कहा, यह विक्रम संवत 2082 की शुरुआत है। साथ ही आज गुड़ी पाड़वा का भी दिन है, इसलिए ये यह बेहद पावन दिन है। मैं इन त्योहारों की देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। ये त्योहार भारत की विविधता में एकता का अहसास कराता है।

ये पूरा महीना त्योहारों का है- उन्होंने कहा, आज कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में उगादी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र में गुड़ी पाड़वा का पर्व मनाया जा रहा है। अगले कुछ दिनों में असम में रंगोली बिहू, बंगाल में पोइला बोइशाख और कश्मीर में नवरेह का उत्सव मनाया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा, 13 से लेकर 15 अप्रैल के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की खूब धूम होगी। हर त्योहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और ईद का त्योहार तो आ रही रहा है। यानी ये पूरा महीना त्योहारों का है, पर्वों का है। मैं सभी देशवासियों को इन त्योहारों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

क्या है MY BHARAT कैलेंडर- पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में माय भारत कैलेंडर का जिक्र किया है। उन्होंने कहा, मेरे युवा साथियों आज मैं आप लोगों से उस खास कैलेंडर My-Bharat के बारे में बात करना चाहूंगा, जिसे इस गर्मी की छुट्टियों के लिए तैयार किया गया है। इस कैलेंडर से कुछ अनूठे प्रयासों को साझा करना चाहता हूं। जैसे My-Bharat के स्टडी टूर में आप ये जान सकते हैं कि हमारे जन औषधि केंद्र कैसे काम करते हैं।

# क्या तबाह हो जाएगा पूरा म्यांमार? वैज्ञानिकों ने एक महीने तक भूकंप आने की दी चेतावनी; अब तक 1700 की हुई मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। म्यांमार में शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप का दहशत लोगों के दिल और दिमाग में काफी ज्यादा हावी है। 7.7 तीव्रता के भीषण भूकंप ने म्यांमार में भारी तबाही मचाई और करीब 1700 लोगों की मौत हो गई। अब भूवैज्ञानिक द्वारा आफ्टरशॉक्स के बारे में चेतावनी दी गई है। भूवैज्ञानिक जेस फीनिक्स के अनुसार, म्यांमार में आए इतनी अधिक तीव्रता वाले भूंकप से उतनी ऊर्जा निकली है जितनी 334 परमाणु बमों के विस्फोट से निकलती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए बताया है कि 7.7 तीव्रता वाले भूकंप के बाद इस क्षेत्र में लंबे समय तक आफ्टरशॉक्स आते रह सकते हैं।

10 किलोमीटर की गहराई में आया था भूकंप- अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप का केंद्र म्यांमार के मांडले शहर में था। यह भूकंप दोपहर के समय 10 किलोमीटर की गहराई में आया था। म्यांमार के स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, मरने वालों की संख्या अब तक 1600 हो चुकी है। वहीं स्त्रस ने अनुमान लगाया है कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से ज्यादा हो सकती है। भूवैज्ञानिक फीनिक्स ने सीएनएन को बताया कि, म्यांमार के इस क्षेत्र में महीनों तक लोगों को आफ्टरशॉक्स का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि भारतीय टेक्टोनिक प्लेट यूरोशियन प्लेट से टकराती जा रही है।

भारत ने भेजी मदद- भारत ने म्यांमार में भूकंप से प्रभावित हुए लोगों की मदद के लिए मेडिकल यूनिट और बचाव दल भेजा है। भारत द्वारा कंबल, तिरपाल, हाइजीन किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, खाने के पैकेट और किचन सेट जैसी आवश्यक सामग्री भेजी गई है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत दो ष्ट-17 विमान भेजे गए हैं जिनमें 118 सदस्यीय भारतीय सेना की चिकित्सा टीम, महिलाओं और बच्चों की देखभाल सेवा और 60 टन राहत सामग्री शामिल थी। यह विमान शनिवार को म्यांमार पहुंचा।

# क्या है सेल्फ-डिपोर्ट, अमेरिका के सैकड़ों छात्रों को आया ई-मेल; क्यों रद हो गया एफ-1 वीजा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में सैकड़ों अंतरराष्टीय छात्रों को अमेरिकी विदेश विभाग से एक चौंकाने वाला ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्हें सेल्फ-डिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है।

यह कार्रवाई विशेष रूप से उन छात्रों पर की जा रही है, जो कैंपस गतिविधियों में शामिल रहे हैं और जिनकी सोशल मीडिया गतिविधियों को एंटी नेशनल या विरोधी गतिविधियों के रूप में देखा गया है।

इसमें केवल उन छात्रों को नहीं निशाना बनाया गया जिन्होंने सीधे विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया, बल्कि जो केवल सोशल मीडिया पर राजनीतिक पोस्ट शेयर, लाइक या कमेंट करते थे उन्हें भी निशाना बनाया गया है।

एफ-1 वीजा क्या है- एफ-1 वीजा एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है, जो अंतरराष्टीय छात्रों को अमेरिका में पढ़ाई करने की अनुमति देता है। इस वीजा के लिए छात्रों को एक मान्यता प्राप्त संस्थान में फुल-टाइम कोर्स में दाखिला लेना होता है और यह सुनिश्चित करना होता है कि उनके पास अपनी शिक्षा और रहने के खर्चों को संभालने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन हैं।

अमेरिका का कड़ा रुख- अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका के पास यह अधिकार है कि वह यह तय करे कि कौन अमेरिका में आएगा और कौन नहीं। रुबियो ने कैच एंड रिवोक नामक एक AI आधारित ऐप लॉन्च किया है, जो छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की निगरानी करता है और जिन छात्रों पर आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने का संदेह होता है, उनके वीजा रद कर दिए जाते हैं।

## क्या इस्तीफा देंगे एलन मस्क, ऑस्ट्रेलिया से अमेरिका तक क्यों हो रहा विरोध? निशाने पर टेस्ला



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी सरकार में एलन मस्क के दखल के खिलाफ दुनियाभर में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सैकड़ों टेस्ला शोरूम के बाहर लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि अमेरिकी सरकार के संवेदनशील डाटा तक एलन मस्क की पहुंच बेहद खतरनाक है।

प्रदर्शनकारी ट्रंप प्रशासन में मस्क की भूमिका का विरोध कर रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि एलन मस्क मई के अंत तक दक्षता विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

टेस्ला शोरूम के बाहर प्रदर्शन- अमेरिका समेत यूरोप के कई देशों में लोगों ने टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली। लोगों का आरोप है कि एलन मस्क अमेरिकी सरकार को खत्म करने में जुटे हैं। प्रदर्शनकारियों ने लोगों से तीन बड़ी अपील की हैं। लोग नारे लगा रहे हैं कि टेस्ला को रोकना, मस्क को नुकसान पहुंचाना है। मस्क को रोकना जीवन और लोकतंत्र को बचाना है।

ये हैं तीन बड़ी अपील

टेस्ला की कारें न खरीदें।

टेस्ला का स्टॉक बेच दें।

टेस्ला टेकडाउन आंदोलन में हिस्सा लें।


## युद्ध विराम पर राजी हुआ हमास, मिस्र के प्रस्ताव को दी मंजूरी; बंधकों की रिहाई पर बनी सहमति



नई दिल्ली (एजेंसी)। हमास ने मिस्र के युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। मिस्र ने दो दिन पहले ही यह प्रस्ताव सौंपा था। नए प्रस्ताव में हमास 5 बंधकों को रिहा करेगा। सीएनएन ने हमास के एक सूत्र से मिली जानकारी के आधार पर यह रिपोर्ट छापी है। मिस्र का नया प्रस्ताव अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के प्रस्ताव से मेल खाता है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमास शवों को सौंपेगा या नहीं।

हमास के चीफ ने क्या कहा- गाजा में हमास के प्रमुख खलील अल-हय्या ने शनिवार को एक बयान में कहा, अपने लोगों और परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, हमने युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सभी प्रस्तावों पर जिम्मेदारी और सकारात्मक रूप से काम किया है। दिन पहले, हमें अपने मध्यस्थ भाइयों से एक प्रस्ताव मिला। हमने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसे मंजूरी दे दी।

## पुतिन की कार में भीषण विस्फोट, कौन था सवार... अभी खुलासा नहीं; दुनियाभर में वायरल हुआ वीडियो



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले में शामिल एक कार में भीषण धमाके के बाद आग लग गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा बलों ने आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। घटना सेंट्रल मॉस्को की बताई जा रही है। जिस कार में आग लगी है उसका नाम ऑरस लिमोसिन है। इस कार का निर्माण रूस में होता है। धूं-धूं कर जलती कार का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को के लुब्यंका में एफएसबी गुप्त सेवा मुख्यालय के नजदीक कार में आग लगी है। अभी तक अधिकारियों ने यह जानकारी नहीं दी है कि कार में कौन सवार था, आग लगने की वजह क्या है? अभी तक किसी के घायल होने की भी सूचना नहीं है।

कार के इंजन में लगी आग- वीडियो में दिख रहा है कि आग कार के इंजन में लगी है। देखते ही देखते अंदर फैल जाती है। दमकल के पहुंचने से पहले आस-पास के रेस्तरां और बार के कर्मचारियों ने आग को बुझाने की कोशिश की। कार से धुंए का गुबार निकल रहा है। कार के पिछले हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है।

पुतिन किम जोंग को भी गिफ्ट कर चुके हैं यह कार- पुतिन के आधिकारिक फ्लीट का हिस्सा ऑरस लिमोसिन कार की कीमत £275,000 है। पुतिन अधिकतर इस कार का ही इस्तेमाल करते हैं। पुतिन उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत कई नेताओं को यह कार गिफ्ट कर चुके हैं।

# यूक्रेनी शहर खार्कीव पर रूस ने दागे ड्रोन, सैन्य अस्पताल को बनाया निशाना; 2 की मौत





नई दिल्ली (एजेंसी)। एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को रोकने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ दोनों देश लगातार एक दूसरे पर घातक हमले कर रहे हैं। इस बीच रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन पर ड्रोन से हमला किया है।

यूक्रेनी अधिकारियों ने दावा किया कि रूसी ड्रोन ने शनिवार देर रात खार्किव में एक सैन्य अस्पताल, शॉपिंग सेंटर, अपार्टमेंट ब्लॉक और अन्य इमारतों पर हमला किया। इस हमले में दो लोगों के मारे जाने की खबर है। 35 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है।

रूस द्वारा किए गए इस हमले के बाद क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर हुए हमले में 67 वर्षीय एक व्यक्ति और 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सैन्य अस्पताल पर जानबूझकर, टारगेट गोलाबारी की निंदा की। बयान में कहा गया कि हताहतों में वे सैनिक भी शामिल हैं जिनका इलाज चल रहा था।

इधर, वायु सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि रूस ने रविवार रात से लेकर अब तक के हमलों में 111 विस्फोटक ड्रोन और नकली हथियार दागे। वायु सेना ने कहा कि उनमें से 65 को रोक दिया गया और 35 खो गए।

# नेपाल हिंसा में ओली सरकार का एक्शन, पूर्व राजा की सुरक्षा घटाई, नुकसान की वसूली भी उन्हीं से होगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंसक प्रदर्शन के बाद नेपाल सरकार ने देश के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की सुरक्षा घटा दी है। नेपाल में राजशाही का समर्थन वाले लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक हो गया था। प्रदर्शन के दौरान पथराव, एक पार्टी के कार्यालय पर हमला, दुकानों में लूटपाट और वाहनों में आग लगाने की घटनाओं को अंजाम दिया गया।

ज्ञानेंद्र शाह के आवास से 9 सुरक्षा कर्मी हटाए गए- पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने निजी घर निर्मल निवास में रहते हैं। यहां पहले 25 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होती थी। मगर शुक्रवार की हिंसा के बाद यह संख्या घटाकर 16 कर दी गई है। राजशाही के समर्थक नेपाल को दोबारा हिंदू राष्ट बनाने की मांग उठा रहे हैं।

नुकसान की वसूली भी होगी- हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई भी पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह से होगी। इस संबंध में काठमांडू नगर पालिका ने एक नोटिस जारी किया है। काठमांडू नगर निगम ने पूर्व राजा को सात लाख नेपाली रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। पूर्व राजा को यह रकम जल्द भरने को कहा गया है।

हिंसक प्रदर्शन में दो की मौत- शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने व्यापारिक परिसरों, रेस्तरां, अस्पतालों, निजी व सरकारी भवनों समेत एक दर्जन से अधिक संपत्तियों में तोड़फोड़ की। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोगों की जान गई है। वहीं 110 अन्य लोग घायल हुए हैं।

# घर में पड़ा मिला एक ही परिवार के चार सदस्यों की शव, पुलिस को आत्महत्या का संदेह



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के श्री साईं जिले से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पर एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव अपने ही घर में मिले। इस घटना के सामने आने के बाद आस पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में इस बात के संदेह हैं कि परिवार के इस संदिग्ध आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और अंदरूनी पारिवारिक विवाद हो सकता है।

एक परिवार के चार लोगों का शव घर में मिला- जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान मदकासिरा के गांधी बाजार इलाके में सोने की दुकान के मालिक कृष्ण चारी, उनकी पत्नी सरला और उनके दो बेटों के रूप में हुई है। समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए बताया कि परिवार ने साइनाइड का सेवन किया, जो उन्हें सुनार के तौर पर उपलब्ध था।

कर्ज में डूबा था परिवार - बताया जा रहा है कि तीन भाइयों में सबसे सबसे बड़े चारी कर्ज में डूबे हुए थे और कथित तौर पर अपने भाई-बहनों की आर्थिक सफलता से ईर्ष्या करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारी के पिता ने सबसे पहले शवों को देखा।

घर की तलाशी के दौरान पुलिस को साइनाइड की बोतल मिली। माना जा रहा है कि इसी के सेवन कारण मौत हुई होगी। पुलिस ने बताया कि परिवार ने शनिवार रात को जहर खाया होगा। पूरे मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई के लिए जानकारी एकत्र करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस घर में बरामद मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रही है।

## इंडिगो को तगड़ा झटका, आयकर विभाग ने लगाया 944 करोड़ रुपये का जुर्माना



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर आयकर विभाग ने भारी जुर्माना लगाया है। इनकम टैक्स विभाग ने इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। हालांकि, कंपनी ने इसे गलत बताया है। इंडिगो ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देगी।

बता दें कि यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को शनिवार को मिला। दरअसल, रविवार को एक नियामक फाइलिंग में इंडिगो ने कहा कि आयकर विभाग (आयकर प्राधिकरण) की मूल्यांकन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है।

इंडिगो ने जुर्माने को बताया गलत- इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि यह आदेश इस गलत समझ के आधार पर पारित किया गया है कि कंपनी द्वारा आयकर आयुक्त (अपील) (सीआईटी (ए)) के समक्ष धारा 143 (3) के तहत मूल्यांकन आदेश के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी गई है। हालांकि, यह अभी भी चल रहा है और इस मामले में फैसला लंबित है।

## मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए बढ़ा AFSPA, गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन



नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम लागू कर दिया है। इसमें मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में AFSPA अगले 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी AFSPA लागू कर दिया गया है।

नगालैंड के जिन जिलों में AFSPA को फिर से लागू किया गया है, वे दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक और पेरेन हैं।

क्या होता है AFSPA- AFSPA को अशांत इलाकों में लागू किया जाता है। इस कानून के तहत सुरक्षाबलों को एक महत्वपूर्ण ताकत मिलती है। इसके तहत सुरक्षाबलों के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत होती है। साथ ही इसके कानून के चलते कई मामलों में बल प्रयोग का भी प्रावधान है। AFSPA को सिर्फ अशांत क्षेत्रों में ही लागू किया जाता है।

AFSPA के तहत सुरक्षा बलों को क्या मिले हैं विशेष अधिकार- आफ्सपा कानून सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने और अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। इसके साथ ही AFSPA गोली चलाने की भी अनुमति देता है।

## सुप्रीम कोर्ट का जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना खतरनाक मिसाल, कैश कांड में कपिल सिब्बल ने ऐसा क्यों कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले कैश मामले में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक खतरनाक ट्रेंड हैं। सिब्बल का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस मामले में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

यह खतरनाक मिसाल- सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच रिपोर्ट, वीडियो और फोटो जारी करने पर सिब्बल ने अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा कि ये उनके विवेक पर निर्भर करता है। यह गलत है या सही... यह समय बताएगा। अदालत ही दस्तावेज का स्रोत है। इस पर लोग भी विश्वास कर लेते हैं। मगर यह सच है या नहीं... ये बाद में तय होगा। मेरा मानना है कि यह खतरनाक मिसाल है। संस्थागत प्रतिक्रिया में संस्थान को लिखित में लागू करना चाहिए कि क्या करना चाहिए।

कपिल सिब्बल का कहना है कि इस पर बार के साथ सलाह करके निर्णय लिया जाना चाहिए। न्यायाधीशों के बारे में हम जीतना जानते हैं... वो भी उतना ही जानते हैं। इन मुद्दों से निपटने और तंत्र बनाने के लिए एक समिति होनी चाहिए। अगर इन चीजों को सार्वजनिक किया जाता है तो संस्था पहले ही हार चुकी होती है।

अभी तो जांच भी पूरी नहीं हुई- जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सिब्बल ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं पाया जाता है तब तक उसे निर्दोष माना जाता है। इस मामले में तो अभी तक जांच भी पूरी नहीं हो पाई है। जांच पूरी नहीं होने तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहिए।

14 मार्च को मिला था कैश- 14 मार्च को नई दिल्ली स्थित जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर आग लगने की घटना सामने आई थी। इसी दौरान कथित तौर पर उनके घर से नकदी मिलने के खुलासे से हड़कंप मच गया था।

## यह पुलिस शक्तियों का दुरुपयोग, असम में पत्रकार की गिरफ्तारी पर गौरव गोगोई ने PM को लिखा पत्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम में पत्रकार की गिरफ्तारी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। गौरव ने पीएम से पुलिस के दुरुपयोग की जांच की अपील की है। गोगोई का आरोप है कि एक बैंक में कथित वित्तीय अनियमिताओं के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के कवरेज के दौरान पत्रकार को गिरफ्तार किया गया है।

पीएम को लिखे पत्र में गौरव गोगोई ने असम को-ऑपरेटिव एपेक्स बैंक लिमिटेड में कथित वित्तीय घोटाले की स्वतंत्र जांच की मांग की है। गोगोई ने कहा कि असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा निदेशकों शामिल हैं। भाजपा विधायक विश्वजीत फूकन इसके अध्यक्ष हैं।

गौरव गोगोई ने अपने पत्र में आगे लिखा, पत्रकार दिलवर हुसैन मजूमदार की गिरफ्तारी मनमानी है। पुलिस शक्तियों के दुरुपयोग की जांच की जानी चाहिए ताकि जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करना और जनहित के मामलों पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को गलत तरीके से निशाना बनाने से रोकना जरूरी है। गौरव गोगोई ने 28 मार्च को यह पत्र पीएम मोदी को लिखा था। हालांकि रविवार को उन्होंने इसे मीडिया को उपलब्ध कराया। गोगोई ने लिखा कि यह मामला एक पत्रकार से आगे बढ़कर देश के लोकतंत्र, वित्तीय संस्थानों की पारदर्शिता और संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा पर प्रहार करता है। उन्होंने लिखा, न्याय सुनिश्चित करने, जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने और हमारे संस्थानों में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए आपका तत्काल हस्तक्षेप जरूरी है

बिना औचित्य के गिरफ्तार किया गया - गौरव गोगोई ने दावा किया कि जब बैंक के प्रबंध निदेशक डोमब्रू (डंबरू) सैकिया से बाइट मांगी गई तो उन्होंने पत्रकार को परिसर के अंदर बुलाया। इसके बाद जो हुआ... वह बेहद चिंताजनक था।

## विवादों में फंसी सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म एल2- एम्पुरान, हटाए जाएंगे 17 सीन; गुजरात दंगों से क्या है कनेक्शन?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल बीजेपी के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने हाल ही में रिलीज़ हुई मलयालम फिल्म एल2- एम्पुरान को न देखने का ऐलान किया है। इस फिल्म में सुपरस्टार मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं और इसे अभिनेता-निर्देशक पृथ्वीराज सुकुमारन ने डायरेक्ट किया है।

यह फिल्म लुसिफर का सीक्वल है, जो 2019 में ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। हालांकि, फिल्म को लेकर विवाद खड़े होने के बाद चंद्रशेखर ने यह फैसला लिया।

फिल्म में किए गए 17 कट्स पर उठे सवाल

राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पहले लुसिफर फिल्म देखी थी और उन्हें वह पसंद आई थी। एम्प्यूरान का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें यह पता चला कि फिल्म निर्माताओं ने फिल्म में 17 कट्स किए हैं और इसे फिर से सेंसोरशिप से गुजरना पड़ा है।

उन्होंने इस बदलाव की आलोचना करते हुए कहा, किसी फिल्म को इतिहास के रूप में नहीं देखा जा सकता। अगर फिल्म सच्चाई को तोड़मरोड़कर पेश करके कहानी बनाती है, तो वह सफल नहीं हो सकती।

गुजरात दंगों का संदर्भ और विवाद- बता दें, फिल्म के रिलीज के बाद विवाद सामने आया, जब दर्शकों ने फिल्म में 2002 के गुजरात दंगों के संदर्भ में कुछ दृश्यों को लेकर आपत्ति जताई। कई वरिष्ठ RSS नेता, जैसे जे. नंदकुमार और ए. जयकुमार ने सोशल मीडिया पर अपनी नापसंदीदी जाहिर की।

इसके बाद केरल में RSS से जुड़े विभिन्न संगठनों ने भी फिल्म की आलोचना की। फिल्म में दिखाए गए केंद्रीय जांच एजेंसियों जैसे NIA, IB और ED के खिलाफ नकारात्मक चित्रण पर भी सवाल उठाए गए।

बदला जाएगा फिल्म में विलेन का नाम- सूत्रों के अनुसार, फिल्म अब फिर से सेंसोरशिप से गुजर रही है, जिसमें 17 कट्स किए गए हैं। फिल्म के खलनायक का नाम बाबा बजरंगी बदला जाएगा और उन दृश्यों को भी हटाया जाएगा, जिनमें केंद्रीय जांच एजेंसियों को नकारात्मक रूप में दिखाया गया है।


दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

jagrayam.com
online news magazine

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्

सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल द्वतीया


## संपादकीय

# पूरी दुनियाँ युद्ध में भयंकर नतीजे किसी न किसी रूप में भुगत रही है...



वैश्विक स्तर पर पूरी दुनियाँ 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन युद्ध व 7 अक्टूबर 2023 से इज़राइल- हमास युद्ध में भयंकर नतीजे किसी न किसी रूप में भुगत रही है,व ईरान-इजरायल तनाव के चलते पश्चिम एशिया इस्लामिक देशों सहित पूरी दुनियाँ चिंताओं में फंसी नज़र भी आ रही थी। अगर सभी अंतरराष्ट्रीय मंच मिलकर कोई रणनीतिक एक्शन लेते तो आज बात इतनी गंभीर नहीं होती। परंतु जैसे ही ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए इज़राइल-हमास का युद्ध विराम हुआ और अब रूस-यूक्रेन के 30 दिनों के युद्ध हुए राम की तैयारी चल रही है,यानें जो मन में ठान लिया जाए वह क्रियान्वयन होता है अभी जैसे हमारे गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद, माओवाद जीरो टॉलरेंस नीति का प्रण लिया है उस पर तेजी से काम शुरू है, इसी कड़ी में वे 4-5 अप्रैल 2025 को फिर दंतेवाड़ा समीक्षा करने जा रहे हैं। ठीक उसी तरह अनेक देशों में घरेलू आतंकवाद माओवाद नक्सलवाद लंबे समय से चल रहा है, परंतु मेरा मानना है कि किसी भी देश नें इस तरह के युद्ध आतंकवाद हिंसात्मक गतिविधियों को जीरो टॉलरेंस नहीं कर पाया है,जिसका सबसे अधिक दुष्परिणाम आम आदमियों नागरिकों को ही भुगतना पड़ रहा है,जो वैश्विक स्तरपर या अपने ही देश में राज्य स्तरपर पलायन करते हैं जिनका स्थाई समाधान ढूंढना आज समय की जरूरत है। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 4-5अप्रैल 2025 को इसी नक्सलवाद, माओवाद को टारगेट-2026 रणनीति जीरो टॉलरेंस की समीक्षा के तहत केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उप राष्ट्रीय सलाहकार केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों सहित अनेको सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बता दें पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ रायपुर दौरे पर 2026 तक माओवादियों नक्सलवादियों को जीरो टॉलरेंस के लिए नीति की बात कही थी। मेरा मानना है कि नक्सलवाद माओवाद आतंकवाद को जीरो ट्रेवल्स करना है तो उनके साथ आत्मसमर्पण रणनीति पर जोर देना अधिक उचित होगा जो एक रणनीति के तहत शुरू भी है और अनेक आत्मसमर्पण हुए भी हैं, हिंसात्मक कार्रवाई से पुलिस व नक्सलवादियों में आपसी तनाव व दुश्मनी बढ़ रही है। बता दें मैं खुद नक्सल प्रभावित महाराष्ट्र के गोंदिया जिला क्षेत्र से हूं तो मैं देखता हूं कि गांव में गांववासियों व वहां की लोकल दुकानों को सब कुछ मालूम होते हुए भी चुप रहते हैं। दुश्मनी केवल पुलिस व नक्सलियों के बीच ही दिखती है कभी नक्सली मारे जाते हैं तो कभी पुलिस वाले शहीद होते हैं जो दशकोंसे चला आ रहा है। अब पैटर्न बदलकर आत्मसमर्पण का जोरदार अभियान चलाना भी शुरू है हालांकि यह अभियान अभी भी तेजी से चल रहा है व हाल ही में सैकड़ो नक्सलवादी आत्मसमर्पण भी किए हैं परंतु इसे अनेक रणनीतियां बनाकर अधिक तेज़ी से चलने की जरूरत है,चूँकि टारगेट माओवाद - 31 मार्च 2026 भारत में नक्सलवाद जीरो टॉलरेंस नीति शुरू है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, टारगेट माओवाद 2026-भारत में नक्सलवाद जीरो टॉलरेंस नीति अंतिम पड़ाव में-गृहमंत्री का दंतेवाड़ा दौरा 4-5 अप्रैल 2025, भारत का नक्सलियों परशिकंजा कसने की रणनीति-मिट जाएगा नक्सलवाद का नामोनिशान। मेरा मानना है कि अब ज़रूरतहै, भारत में जिला स्तरीय दबंग माफियाओं सट्टा जुआ किंग्स पर भी रणनीतिक शिकंजा कसने उच्च स्तरीय बैठके समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम भारत में टारगेट माओवाद 2026 की करें तो,देश में नक्सली हिंसा को लेकर केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। सरकार का लक्ष्य देश को 31मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने का है, इसे लेकर गृहमंत्री 4 और 5 अप्रैल को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे।

# श्यामजी कृष्ण वर्मा




श्यामजी कृष्ण वर्मा भारत के उन अमर सपूतों में हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत की आज़ादी के लिए लगा दिया। ब्रिटिश सरकार के अत्याचारों से त्रस्त होकर भारत से इंग्लैण्ड चले गये श्यामजी कृष्ण वर्मा ने अपना सारा जीवन भारत की स्वतन्त्रता के लिए माहौल बनाने में और नवयुवकों को प्रेरित करने में लगाया। स्वामी दयानंद सरस्वती के सान्निध्य में रहकर मुखर हुए संस्कृत व वेदशास्त्रों के मूर्धन्य विद्वान के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त श्यामजी कृष्ण वर्मा 1885 में तत्कालीन रतलाम राज्य के 1889 तक दीवान पद पर आसीन रहे।

### जीवन परिचय

श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म 4 अक्टूबर, 1857 को गुजरात के मांडवी गांव में हुआ था। श्यामजी कृष्ण वर्मा ने सन् 1888 में अजमेर में वकालत के दौरान स्वराज के लिए काम करना शुरू कर दिया था। मध्य प्रदेश में रतलाम और गुजरात में जूनागढ़ में दीवान रहकर उन्होंने जनहित के काम किए। सन् 1897 में वे पुनः इंग्लैंड गए। 1905 में लॉर्ड कर्जन की ज्यादतियों के विरुद्ध संघर्षरत रहे। इसी वर्ष इंग्लैंड से मासिक द इंडियन सोशिओलॉजिस्ट प्रकाशित किया, जिसका प्रकाशन बाद में जिनेवा में भी किया गया। इंग्लैंड में रहकर उन्होंने इंडिया हाउस की स्थापना की। भारत लौटने के बाद 1905 में उन्होंने क्रांतिकारी छात्रों को लेकर इंडियन होमरूल सोसायटी की स्थापना की। श्यामजी कृष्ण वर्मा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रेरित थे। 1918 के बर्लिन और इंग्लैंड में हुए विद्या सम्मेलनों में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। क्रांतिकारी गतिविधियों के माध्यम से आज़ादी के संकल्प को गतिशील करने वाले श्यामजी कृष्ण वर्मा पहले भारतीय थे, जिन्हें ऑक्सफ़ोर्ड से एम.ए. और बैरिस्टर की उपाधियां मिलीं थीं। पुणे में दिए गए उनके संस्कृत के भाषण से प्रभावित होकर मोनियर विलियम्स ने वर्माजी को ऑक्सफ़ोर्ड में संस्कृत का सहायक प्रोफ़ेसर बना दिया था।

### शिक्षा एवं कार्यक्षेत्र

श्यामजी कृष्ण वर्मा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1883 ई. में बी.ए. की डिग्री प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय होने के अतिरिक्त अंग्रेज़ी राज्य को हटाने के लिए विदेशों में भारतीय नवयुवकों को प्रेरणा देने वाले, क्रांतिकारियों का संगठन करने वाले पहले हिन्दुस्तानी थे। पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा को देशभक्ति का पहला पाठ पढ़ाने वाले आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती थे। 1875 ई. में जब स्वामी दयानंद जी ने बम्बई (अब मुंबई?) में आर्य समाज की स्थापना की तो श्यामजी कृष्ण वर्मा उसके पहले सदस्य बनने वालों में से थे। स्वामी जी के चरणों में बैठ कर इन्होंने संस्कृत ग्रंथों का स्वाध्याय किया। वे महर्षि दयानंद द्वारा स्थापित परोपकारिणी सभा के भी सदस्य थे।

बम्बई से छपने वाले महर्षि दयानंद के वेदभाष्य के प्रबंधक भी रहे। 1885 ई. में संस्कृत की उच्चतम डिग्री के साथ बैरिस्टरी की परिक्षा पास करके भारत लौटे। इंग्लैण्ड में स्वाधीनता आन्दोलन के प्रयासों को सबल बनाने की दृष्टि से श्यामजी कृष्ण वर्मा जी ने अंग्रेज़ी में जनवरी 1905 ई. से इन्डियन सोशियोलोजिस्ट नामक मासिक पत्र निकाला। 18 फ़रवरी, 1905 ई. को उन्होंने इंग्लैण्ड में ही इन्डियन होमरूल सोसायटी की स्थापना की और घोषणा की कि हमारा उद्देश्य ÷भारतीयों के लिए भारतीयों के द्वारा भारतीयों की सरकार स्थापित करना है÷ घोषणा को क्रियात्मक रूप देने के लिए लन्दन में इण्डिया हाउस की स्थापना की, जो कि इंग्लैण्ड में भारतीय राजनीतिक गतिविधियों तथा कार्यकलापों का सबसे बड़ा केंद्र रहा।

### विचारधारा

पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा भारत की स्वतंत्रता पाने का प्रमुख साधन सरकार से असहयोग करना समझते थे। आपकी मान्यता रही और कहा भी करते थे कि यदि भारतीय अंग्रेज़ों को सहयोग देना बंद कर दें तो अंग्रेज़ी शासन एक ही रात में धराशायी हो सकता है। शांतिपूर्ण उपायों के समर्थक होते हुए भी श्यामजी स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हिंसापूर्ण उपायों का परित्याग करने के पक्ष में नहीं थे। उनका यह दावा था कि भारतीय जनता की लूट और हत्या करने के लिए सबसे अधिक संगठित गिरोह अंग्रेज़ों का ही है। जब तक अंग्रेज़ स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन करने की स्वतंत्रता प्रदान करते है तब तक हिंसक उपायों की आवश्यकता नहीं है, किन्तु जब सरकार प्रेस और भाषण की स्वतंत्रता पर पाबंदियां लगाती है, भीषण दमन के उपायों का प्रयोग करती है तो भारतीय देशभक्तों को अधिकार है कि वे स्वतंत्रता पाने के लिए सभी प्रकार के सभी आवश्यक साधनों का प्रयोग करें। उनका मानना था कि हमारी कार्रवाई का प्रमुख साधन रक्तरंजित नहीं है, किन्तु बहिष्कार का उपाय है। जिस दिन अंग्रेज़ भारत में अपने नौकर नहीं रख सकेंगे, पुलिस और सेना में जवानों की भर्ती करने में असमर्थ हो जायेंगे, उस दिन भारत में ब्रिटिश शासन अतीत की वास्तु हो जाएगा। इन्होंने अपनी मासिक पत्रिका इन्डियन सोशियोलोजिस्ट के प्रथम अंक में ही लिखा था कि अत्याचारी शासक का प्रतिरोध करना न केवल न्यायोचित है अपितु आवश्यक भी है और अंत में इस बात पर भी बल दिया कि अत्याचारी, दमनकारी शासन का तख्ता पलटने के लिए पराधीन जाति को सशस्त्र संघर्ष का मार्ग अपनाना चाहिए।

### सम्मान

रतलाम में श्यामजी कृष्ण वर्मा सृजन पीठ की स्थापना भी की जा चुकी है। श्यामजी कृष्ण वर्मा की जन्मस्थली माण्डवी गुजरात क्रांति तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां स्वाधीनता संग्राम सैनानियों की प्रतिमाएं व 21 हजार वृक्षों का क्रांतिवन आकार ले रहा है। रतलाम में ही स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के परिचय गाथा की गैलरी प्रस्तावित है, ताकि भारतीय स्वतंत्रता के आधारभूत मूल तत्वों का स्मरण एवं उनके संबंधित शोध कार्य की ओर आगे बढ़ सके, लेकिन इसके लिए रतलाम ज़िला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश शासन की मुखरता भी अपेक्षित है।

### निधन

क्रांतिकारी शहीद मदनलाल ढींगरा इनके शिष्यों में से एक थे। उनकी शहादत पर उन्होंने छात्रवृत्ति भी शुरू की थी। वीर सावरकर ने उनके मार्गदर्शन में लेखन कार्य किया था। 31 मार्च, 1933 को जेनेवा के अस्पताल में इनका निधन हुआ।

### अंतिम इच्छा

सात समंदर पार से अंग्रेज़ों की धरती से ही भारत मुक्ति की बात करना सामान्य नहीं था, उनकी देश भक्ति की तीव्रता थी ही, स्वतंत्रता के प्रति आस्था इतनी दृढ़ थी कि पं. श्यामजी कृष्ण वर्मा ने अपनी मृत्यु से पहले ही यह इच्छा व्यक्त की थी कि उनकी मृत्यु के बाद अस्थियां स्वतंत्र भारत की धरती पर ले जाई जाए। भारतीय स्वतंत्रता के 17 वर्ष पहले दिनांक 31 मार्च, 1930 को उनकी मृत्यु जिनेवा में हुई, उनकी मृत्यु के 73 वर्ष बाद स्वतंत्र भारत के 56 वर्ष बाद 2003 में भारत माता के सपूत की अस्थियां गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश की धरती पर लाने की सफलता मिली।

# कर्ज फ्री होने वाली है 13 के शेयर वाली कंपनी, अब निवेशकों की रहेगी नजर



नई दिल्ली (एजेंसी)। आभूषण विक्रेता पीसी ज्वेलर लिमिटेड जल्द ही कर्ज फ्री हो जाएगी। यह जानकारी कंपनी के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने दी है। इस खबर के बीच अब सोमवार को पीसी ज्वेलर लिमिटेड के शेयर में हलचल की उम्मीद है। बता दें कि बीते कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को कंपनी के शेयर 4.88त टूटकर 13.06 रुपये पर आ गए थे। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 12.99 रुपये के निचले स्तर पर आ गए। वहीं, जून 2024 में शेयर 4.41 रुपये और दिसंबर 2024 में 19.60 रुपये के स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो और हाई है। अब कंपनी के कर्ज फ्री होने की खबर से शेयर में हलचल आने की उम्मीद है।

पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष में अपने बैंक कर्ज को आधे से अधिक घटाकर लगभग 1,800 करोड़ रुपये कर दिया है। कंपनी ने बेहतर बिक्री और फंड जुटाकर अगले साल मार्च तक कर्ज मुक्त होने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने कहा- चालू वित्त वर्ष के अंत तक हमारा बैंक ऋष्ा घटकर 1,775 करोड़ रुपये रह जाने की उम्मीद है। हम अपने बैंक कर्ज को और कम करने और मार्च, 2026 तक ऋष्ा मुक्त होने का लक्ष्य बना रहे हैं।

सितंबर, 2024 में पीसी ज्वेलर ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले 14 बैंकों के एक समूह के साथ समझौता किया था ताकि वह बकाया ऋष्ा को चुका सके। कंपनी पर 31 मार्च 2024 तक लगभग 4100 करोड़ रुपये का बैंक कर्ज था। बलराम गर्ग ने कहा कि कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 में वारंट के प्रेफेशियल इश्यू के बदले निवेशकों से 1,500 करोड़ रुपये से अधिक मिलेंगे और इसका उपयोग बैंक ऋष्ाों को चुकाने के लिए किया जाएगा। नकद भुगतान और इक्विटी शेयरों के इश्यू ने कंपनी को इस वित्त वर्ष में बैंक कर्ज को 55 प्रतिशत से अधिक कम करने में मदद की है।

सोने और चांदी के आभूषण बेचने वाली पीसी ज्वेलर के 15 राज्यों में 55 शोरूम हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में पीसी ज्वेलर का परिचालन राजस्व एक साल पहले की समान अवधि के 556.91 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,545.58 करोड़ रुपये हो गया।

## 60 के नीचे कारोबार कर रहा अडानी का यह शेयर, सालभर से लगातार टूट रहा भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी समूह की कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर बीते शुक्रवार को 59.34 रुपये पर बंद हुए। कंपनी के शेयर इस साल अब तक यह शेयर 4% और सालभर में इसमें 40% तक की गिरावट दर्ज की गई। छह महीने में यह शेयर 31त तक टूट गए। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 118.20 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 54.05 रुपये है। इसका मार्केट कैप 1,532 करोड़ रुपये है।

बता दें कि अडानी समूह के स्वामित्व वाली कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष के दिसंबर तिमाही में 96.96 करोड़ रुपये का कुल घाटा हुआ। इससे पहले पिछले साल इसी तिमाही के यह घाटा 201.55 करोड़ रुपये का था। वहीं, बिक्री 36.94% बढ़कर 258.96 करोड़ रुपये हो गई। दिसंबर तिमाही में अडानी समूह की इस कंपनी का रेवेन्यू 37% बढ़ गया। इसी के साथ यह यह 259 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 189 करोड़ रुपये था।

बता दें कि अंबुजा सीमेंट्स के पास सांघी इंडस्ट्रीज की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 58.08 प्रतिशत हिस्सा है। इसने दिसंबर, 2023 में कंपनी का अधिग्रहण किया था। बीते साल दिसंबर में अडानी समूह ने अपने सीमेंट परिचालन का एक यूनिट के तहत एकीकरण करने के लिए सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट का अंबुजा सीमेंट्स में विलय करने की घोषणा की थी।

# बाजार की बिकवाली में रॉकेट बना था यह शेयर, 100 के पार भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते शुक्रवार को बाजार में बिकवाली के बीच कुछ शेयरों की डिमांड थी। ऐसा ही एक शेयर बालाजी फॉस्फेट्स लिमिटेड का है। इस कंपनी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े थे और भाव 52 हफ्ते के हाई पर पहुंच गया। शेयर की पिछली क्लोजिंग 98 रुपये के मुकाबले शुक्रवार को यह 99 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का हाई 100.50 रुपये रहा। इसी 10 मार्च को शेयर की कीमत 72.60 रुपये के निचले स्तर तक गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। बीते दिनों बालाजी फॉस्फेट्स लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज को बोर्ड मीटिंग के बारे में जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि बोर्ड मीटिंग 31 मार्च 2025 को होने वाली है। इस मीटिंग में कंपनी के तिमाही नतीजे के बारे में जानकारी दी जाएगी। उर्वरक निर्माता और आपूर्तिकर्ता बालाजी फॉस्फेट्स के शेयरों ने 7 मार्च, 2025 को शेयर बाजार में एंट्री ली थी। एनएसई एसएमई पर बालाजी फॉस्फेट्स के शेयर 75 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुए, जो 70 रुपये प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 5 रुपये या 7.14 का प्रीमियम को दिखाता है। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू के तहत 5.94 मिलियन इक्विटी शेयर थे। वहीं ऑफर फॉर सेल में 1.21 मिलियन इक्विटी शेयर शामिल थे। इसके एक लॉट में 2,000 शेयर थे। बालाजी फॉस्फेट्स सिंगल सुपर फॉस्फेट, एनपीके ग्रेनुलेटेड और जिंक सल्फेट सहित उर्वरकों का निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। कंपनी अपने उत्पादों को रत्नम और बीपीपीएल ब्रांड के तहत बेचती है। इसके उत्पाद मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे क्षेत्रों में बेचे जाते हैं। कंपनी की विनिर्माण इकाई देवास, मध्य प्रदेश में स्थित है। 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की सिंगल सुपर फॉस्फेट के लिए प्रति वर्ष 120,000 मीट्रिक टन उत्पादन क्षमता थी।

## NSE में लिस्टेड कंपनी दे रही है 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस हफ्ते कई कंपनियां एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करने जा रही हैं। इन कंपनियों की लिस्ट में सहज सोलर लिमिटेड का नाम भी शामिल है। कंपनी एक शेयर पर एक शेयर योग्य निवेशकों को बोनस देगी। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस बोनस स्टॉक के विषय में-

2 अप्रैल को एक्स-बोनस ट्रेड करेगी कंपनी - एक्सचेंज को दी जानकारी में सहज सोलर लिमिटेड ने बताया है कि एक शेयर पर एक शेयर योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 2 अप्रैल की तारीख को रिकॉर्ड डेट किया है। यानी बुधवार को कंपनी शेयर बाजार में एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। बता दें, यह कंपनी सिर्फ एनएसई में ही लिस्टेड है।

1 साल में किया पैसा डबल- शुक्रवार को कंपनी के शेयर 3.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 370.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक महीने में इस बोनस देने वाली कंपनी के शेयरों का भाव 18 प्रतिशत गिरा है। वहीं, 3 महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 26 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके बाद भी कंपनी ने लॉन्ग टर्म में निवेशकों को निराश नहीं किया है। इसी का नतीजा है कि सहज सोलर लिमिटेड के शेयरों में 1 साल में 106 प्रतिशत की तेजी आई है। जिसकी वजह से पोजीशनल निवेशकों का पैसा दोगुना हो चुका है।

# बिक गई थी अनिल अंबानी की पुरानी कंपनी, अब लेंडर्स ने नए मालिक को दी राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्ज के बोझ से दबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) को लेकर एक बड़ी खबर है। दरअसल, इस कंपनी के लेंडर्स यानी ऋष्ादाताओं ने इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष दायर याचिका वापस ले ली है। रिलायंस कैपिटल के ऋष्ादाताओं की समिति (सीओसी) ने एनसीएलएटी को सूचित किया है कि आईआईएचएल द्वारा समाधान योजना को पूरी तरह से लागू किया गया है और समाधान योजना के अनुरूप पूर्ण भुगतान राशि हस्तांतरित की गई है। बता दें कि रिलायंस कैपिटल पहले अनिल अंबानी की कंपनी थी। सीओसी ने आईआईएचएल द्वारा समाधान योजना के कार्यान्वयन के पूरा होने पर विचार करते हुए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश के खिलाफ दायर अपनी अपील को वापस लेने के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण से अनुमति मांगी। सीओसी के आवेदन को अनुमति देते हुए एनसीएलएटी ने कहा कि प्रशासक के साथ-साथ आईआईएचएल के लिए उपस्थित वकील ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना और न्यायमूर्ति अजय दास मेहरोत्रा की दो सदस्यीय पीठ ने 24 मार्च, 2025 को पारित अपने आदेश में कहा कि इन परिस्थितियों में, इस आवेदन को स्वीकार किया जाता है। साथ ही अपील को निपटाया जाता है। यदि कोई लंबित आवेदन है, तो उसका भी निपटारा किया जाता है। बता दें कि आईआईएचएल दिवाला और ऋष्ाशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के तहत संकटग्रस्त वित्तीय सेवा कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए अप्रैल, 2023 में 9,650 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली के साथ सफल समाधान आवेदक के रूप में उभरी था। हालांकि, समाधान योजना और योजना अनुमोदन आदेश के अनुसार, समाधान योजना को आईआईएचएल द्वारा 27 मई, 2024 को या उससे पहले लागू किया जाना था। इस समयसीमा को 10 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया था।

ऋष्ादाता के वकील ने कहा कि विस्तारित अवधि के दौरान, आईआईएचएल द्वारा कॉरपोरेट देनदार (रिलायंस कैप) के प्रशासक और सीओसी के सहयोग से समाधान योजना के कार्यान्वयन की दिशा में कदम उठाए गए। आईआईएचएल द्वारा कार्यान्वयन चरणों को शामिल करते हुए एक प्रक्रिया नोट प्रस्तुत किया गया, जिसपर विभिन्न पक्षों द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी और जिसे सीओसी ने अनुमोदित किया।

## 75 पर जा सकता है यह शेयर, अभी 34 है दाम, अब कंपनी ने किया बड़ा ऐलान, LIC के पास 84 लाख शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। एलआईसी द्वारा समर्थित और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स का कंपोनेंट एनबीएफसी पैसालो डिजिटल के शेयर अगले सप्ताह फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने मैच्योरिटी पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) को भुनाने की घोषणा की है। एक रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने 1,00,000 रुपये फेस वैल्यू वाले 1200 एनसीडी को भुनाया है। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 34.03 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी ने क्या कहा - एनबीएफसी ने फाइलिंग में कहा, ÷हम सूचित करना चाहते हैं कि 9.95% लिस्टेड सुरक्षित रिडीमेबल नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर जारी करने की शर्तों के अनुसार, प्रत्येक 1,00,000 रुपये के फेस वैल्यू वाले (एनसीडी), कंपनी ने अपनी मैच्योरिटी डेट यानी 28 मार्च, 2025 को 1200 एनसीडी को आंशिक रूप से भुनाया है। बाकी 600 एनसीडी 28 जून को मैच्योर होंगे।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिन:
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# भोपाल में रिटायर अधिकारी से 1.65 लाख की ठगी, आखिर कैसे गया ठग के पास मोबाइल का पूरा एक्सेस




भोपाल। म्यूजिक एप का सब्सक्रिप्शन बंद करने के दौरान भेल के एक सेवानिवृत्त अधिकारी साइबर ठगी का शिकार बन गए। अनजाने में उन्होंने म्यूजिक एप का मासिक सब्सक्रिप्शन ले लिया था। इसके कारण हर महीने बैंक खाते से रुपये कट रहे थे। इससे परेशान होकर उन्होंने गूगल से कंपनी का नंबर खोजा।

इसी दौरान वह साइबर ठग के जाल में फंस गए। अपने व पत्नी के बैंक खाते से कुल 1.65 लाख रुपये गंवा दिए। उनकी शिकायत पर कमला नगर थाना पुलिस ने एक महीने की जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया है।अब समझें पूरा मामला

एसआई शैलेंद्र राजावत ने बताया कि विजय कुमार फरगे कमला नगर क्षेत्र के संजय काम्प्लेक्स फेस-2 में रहते हैं। वह भेल से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। कुछ महीने से विजय कुमार के बैंक खाते से रुपये कट रहे थे। बैंक में जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि उन्होंने अनजाने में एक म्यूजिक एप का सब्सक्रिप्शन ले लिया था। इसके चलते हर महीने अपने आप भुगतान हो जाता है।

### *पश्चिम बंगाल से संचालित हो रहा था ठग का नंबर*

फरगे ने सब्सक्रिप्शन बंद करवाना चाहा, तो एप में सुविधा नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने गूगल पर कंपनी का नंबर खोजा। इस दौरान वे फर्जी वेबसाइट पर चले गए। वहां दिए गए साइबर ठग के नंबर पर संपर्क कर लिया।

ठग ने उन्हें सब्सक्रिप्शन बंद करने का झांसा देकर एक एपीके फाइल उनके वॉट्सएप पर भेजी। फरगे ने वह फाइल डाउनलोड की तो ठग के पास उनके मोबाइल का पूरा एक्सेस आ गया।

उसने विजय कुमार के बैंक खाते से 88 हजार और उनकी पत्नी के खाते से 77 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक से रुपये कटने के बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस से शिकायत की। फरवरी की शिकायत पर पुलिस ने एक महीने बाद शनिवार को मामला दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि ठगी करने वाला नंबर पश्चिम बंगाल से संचालित हो रहा था। अन्य जानकारी लेकर साइबर पुलिस को दी जाएगी।

# मंगलवार से गर्मी से मिलेगी राहत, भोपाल व इंदौर सहित 13 जिलों में बारिश के आसार

भोपाल। उत्तर भारत की तरफ से लगातार आ रही हवाओं के कारण तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। इसके कारण जहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। रात में हल्की ठंडक महसूस होने लगी है।

रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक 39 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। राजगढ़ में रात का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में रात का पारा 13.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा।गर्मी से मिलेगी राहत मौसम विज्ञानियों के मुताबिक विपरीत दिशा की हवाओं के सम्मिलन के कारण मंगलवार से बादल छाने लगेंगे। साथ ही भोपाल, इंदौर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज रफ्तार से हवाएं चलने व ओले गिरने की भी संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि लगातार आ रही उत्तरी हवाओं के कारण गर्मी से काफी राहत मिल गई है। सोमवार को भी मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं, लेकिन मंगलवार से बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी आने के कारण बादल छाने लगेंगे। भोपाल, इंदौर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश भी हो सकती है।

प्रदेश में बारिश होने के आसार

मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। मंगलवार से उत्तरी एवं दक्षिणी हवाओं का सम्मिलन होने से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं।

# ठग ने मोबाइल पर भेजा फोटो, बोला–पहचान कौन...क्लिक करने के बाद अकाउंट से उड़े रुपये



जबलपुर। जबलपुर शहर के स्नेह नगर में स्टेशनरी व्यापारी प्रदीप कुमार से ऑनलाइन ठगी का अनूठा मामला सामने आया है। प्रदीप शुक्रवार को सुबह आठ बजे फोन नंबर 9827832213 से उनके मोबाइल पर काल आया।

फोन करने वाले बोला कि एक फोटो भेजा है। उसके डाउनलोड करके देखिए कि पहचानते है क्या? उन्होंने फोटो डाउनलोड किया तो एक वृद्ध व्यक्ति का फोटो था। वे उसे नहीं पहचानते थे। इसलिए बाद में फोन आने पर उस कॉल को रिसीव नहीं किया।एक रुपये अकाउंट में आए, फिर चले गए सारे रुपये लगातार फोन आने पर दोपहर में एक बार फोन रिसीव कर लिया। वृद्ध को नहीं पहचानने की बात कहकर फोन रख दिया। उसके तुरंत बैंक से फोन पर तीन मैसेज आए। इसमें एक रुपये खाते में आने और फिर एक लाख और एक लाख 10 हजार रुपये कटने की सूचना थी।

व्यापारी द्वारा कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया गया था। इस पर बैंक पहुंचा तो संदिग्ध खाते में रुपये जाने का पता चला। व्यापारी ने साइबर सेल में शिकायत की है।हैदराबाद में एटीएम से रुपये निकाला ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए व्यापारी का खोवा मंडी स्थित कैनरा बैंक में खाता है। वे नेट बैंकिंग का उपयोग नहीं करते हैं। ठग ने मोबाइल हैक करके उनके बैंक से नेट बैंकिंग कर लिया। राशि को हैदराबाद के एक बैंक खाता में स्थानांतिरत करते हुए ठगी गई राशि को वहां एटीएम से प्राप्त कर लिया।

कॉलोनाइजर आदर्श अग्रवाल का एक और फर्जीवाड़ा, एफआईआर चैतन्य प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स के संचालक आदर्श अग्रवाल का एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। उसने एक कालोनी का ले आउट पास कराने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) में गलत जानकारी दी थी। धोखाधड़ी करते हुए कॉलोनी का नक्शा पास करा लिया।

हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद आरोपी की मां पर भी चलेगा केसमहिला रेप नहीं कर सकती, लेकिन उकसा सकती है... स्क्क हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद आरोपी की मां पर भी चलेगा केस

मामले में न्यायालय के निर्देश पर आरोपित आदर्श अग्रवाल के विरुद्ध गोराबाजार थाना में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। धोखाधड़ी के मामले में चैतन्य प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स में साझेदार सचिन उपाध्याय को भी आरोपित बनाया गया है। जमीनों के क्रय-विक्रय में धोखाधड़ी के एक मामले में आदर्श अग्रवाल के विरुद्ध पूर्व में भी ओमती थाना में मामला पंजीबद्ध हो चुका है।

# किरायेदार के घर में चोरी करते-करते मकान मालिक के बेटे ने खरीद ली बाइक, बनवा ली थी दूसरी चाबी



भोपाल। भोपाल के बजरिया क्षेत्र में किराये से रह रहे एक डॉक्टर के कमरे में मकान मालिक का बेटा करीब तीन महीने से लगातार चोरी कर रहा था। उसने डॉक्टर के कमरे पर लगाए जाने वाले ताले की एक नकली चाबी बनवा ली थी। डॉक्टर जब भी घर से बाहर जाता तो वह घर में घुसकर चोरी करता था।

ताला टूटा बिना आए दिन घर से सामान गायब होने पर डॉक्टर को शक हुआ तो उसने कमरे में एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया, जिसमें मकान मालिक का बेटा पकड़ा गया। पुलिस ने उसके विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। 18 वर्षीय आरोपित 12वीं कक्षा का छात्र है। एसआई अरविंद सिंह ने बताया कि डॉक्टर विपिन तिवारी बजरिया क्षेत्र के शंकराचार्य नगर में मुकेश जैन के मकान में किराये से रहते हैं।उसी कॉलोनी में उनकी बहन का घर भी है। मुकेश का बेटा आदि जैन विपिन के भांजे का दोस्त है। उसने पिछले वर्ष दिसंबर में विपिन के ताले की चाबी लेकर उसकी नकली चाबी बनवा ली थी। विपिन जैसे ही बाहर जाता तो वह कमरे में घुस जाता और चोरी करता।

एक जनवरी से लगातार वह कभी नकदी तो कभी जेवरात चुरा लेता था। सामान गायब होने पर विपिन को फरवरी में चोरी की भनक लगी। उन्होंने 27 मार्च को घर में सीसीटीवी कैमरा लगवाया था। कैमरा ऑपरेटर उसकी जांच कर रहा था, तभी उसे कमरे में कोई घुसा हुआ दिखा तो ऑपरेटर ने विपिन से संपर्क किया। इसके बाद विपिन ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को पकड़ा लिया।शिकायत पर बजरिया थाना पुलिस ने आरोपित को पकड़ा। उसने पूछताछ में बताया कि उसने चुराए रुपयों से बाइक खरीद ली थी। साथ ही कुछ रुपये कलर ट्रेडिंग नाम के गेम में गंवा दिए थे। पुलिस साढ़े चार लाख की चोरी में करीब सवा तीन लाख का मशरूका जब्त कर सकी है। कोर्ट में पेश कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

# आरटीआई कार्यकर्ता आशीष चतुर्वेदी ने खुद का सिर दीवार में मारा, फिर एसआई का सिर फोड़ा

ग्वालियर। व्यापमं कांड के व्हिसल ब्लोअर और आरटीआई कार्यकर्ता आशीष चतुर्वेदी एक बार फिर विवादों में हैं। आशीष के खिलाफ जेएमएफसी कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था, जिसे तामील कराने के लिए पुलिस उनके घर पहुंची थी।

यहां पुलिस के साथ चलने से इनकार किया, जब पुलिसकर्मियों ने पकड़ा तो बहस होने लगी। फिर आशीष ने अपना सिर घर की दीवार में मारना शुरू कर दिया। जब झांसी रोड थाने के एसआई आशीष शर्मा ने उन्हें रोका तो उन पर भी हमला कर दिया।इससे एसआई आशीष शर्मा के सिर में चोट आई, जिसके चलते उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसआई पर हमले के मामले में आरटीआई कार्यकर्ता आशीष चतुर्वेदी, उसके पिता ओमप्रकाश चतुर्वेदी और मां विनीता चतुर्वेदी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता आशीष भी कोर्ट से निकलने के बाद निजी अस्पताल पहुंचे।



# राज्यपाल ने 42 साल पहले की सिकलसेल प्रभावितों की बताई करुण कहानी और कहा समाज का हर वर्ग बीमारी उन्मूलन के लिए दे गिलहरी की तरह अपना योगदान

इन्दौर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल आज महात्मा गांधी स्मृति मेडिकल कॉलेज इंदौर में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सिकलसेल उन्मूलन के लिए अपना योगदान अवश्य दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बाद देश का तीसरा ऐसा राज्य है जहाँ सिकलसेल एनीमिया के सर्वाधिक प्रभावित मरीज़ हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता और शिक्षा के द्वारा इस बीमारी की रोकथाम संभव है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री द्वय श्रीमती सावित्री ठाकुर और श्री दुर्गादास उइके, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री राकेश शुक्ला, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, सिकलसेल मिशन की डिप्टी डायरेक्टर मध्यप्रदेश श्रीमती रूही ख़ान एम वाई हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव एवं पूर्व डीन डॉ. शरद थोरा मंचासीन थे।




राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अपने उद्बोधन में 42 साल पहले की पीड़ा और करुणा की कहानी बतायी। उन्होंने कहा कि जब वे गुजरात में कॉरपोरेटर थे, तब उन्होंने पहली बार सिकलसेल एनीमिया की त्रासदी को देखा था। पड़ोस के सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित एक बच्चे को वे बम्बई में डॉ. ढोलकिया के पास में इलाज के लिए ले गए थे, किन्तु उस बच्चे को बचाया नहीं जा सका था। इसी तरह उन्होंने मार्मिक ढंग से बताया कि किस तरह पड़ोस की छोटी बच्ची जो उनके गोद में खेला करती थी, इसी बीमारी की वजह से महज़ 4 दिनों में मृत्यु को प्राप्त हो गई।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बताया कि जब वे मंत्री थे और श्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उनकी सरकार के मंथन शिविर में यह मुद्दा रखा गया और तब से वे इस कार्य में लगे हुए हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जिस तरह भगवान राम के लंका जाने के दौरान राम सेतु के निर्माण में गिलहरी ने भी अपनी भूमिका निभायी थी, उसी तरह समाज का प्रत्येक व्यक्ति सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन में अपना योगदान दें। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित सभी जनों को इस अवसर पर शपथ भी दिलायी। सांसद श्री शंकर लालवानी ने इस अवसर पर अपनी सांसद निधि से एमवाय हास्पिटल की ब्लड बैंक टीम को एक वाहन सांसद निधि से दिए जाने की घोषणा की।

श्री पटेल ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारे परिवार, आस-पास और समुदाय में रोग उन्मूलन के लिए जनजागृति हो। इसके लिए जरुरी है कि रोग के जेनेटिक काउंसलिंग में समाज का हर व्यक्ति सहयोग करे। सिकल सेल रोग के उन्मूलन प्रयासों में योगदान करें। यह भी जरुरी है कि जेनेटिक कार्ड के मिलान के बाद ही विवाह करें, हर गर्भवती महिला, शिशु के स्वास्थ्य जांच के प्रति सोशल कॉन्शसनेस हो।

समाज का समृद्ध वर्ग रोग उपचार और अनुसंधान प्रयासों में मदद के लिए आगे आए। जरुरतमंदों रोगियों को सामाजिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान करें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम सिकल सेल रोग को जड़ से मिटाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## एमवाय हास्पिटल में घटित घटना की जाँच के लिए कलेक्टर ने दिए आदेश

इंदौर। महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इंदौर में उपचार हेतु आने वाले मरीज़ों को उपलब्ध संसाधन एवं सुविधाओं में उपचार नहीं करते हुए प्राइवेट हास्पिटल में उपचार हेतु भेजे जाने संबंधी शिकायत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए शिकायत की जाँच के लिए जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में एक जाँच कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में एम वाय हास्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर अशोक यादव, DHO इन्दौर डॉक्टर हेमंत गुप्ता भी शामिल हैं। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आदेशित किया है कि उक्त समिति 10 दिवस की समयावधि में शिकायतों की सूक्ष्मता से जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। समिति इस संबंध में जिन प्राइवेट हास्पिटल की संबद्धता उजागर हो रही है उस संदर्भ में भी जाँच करेगी।

## इंदौर के करीब रोमांच से भरा सफर और सुकून भरी मंजिल का नाम जोगी कुंड



इंदौर। आढ़े-तेढ़े रास्ते, कभी घुमावदार मोड़ तो कभी सरपट दौड़ते वाहनों से पटी रोड, कभी चढ़ाई तो कभी उतार, कभी पक्की सड़क पर भागते वाहनों का कारवां तो कभी पथरिले रास्ते पर आगे निकलने की जद्दोजदह करते राइडर। मकसद केवल इतना ही कि सुकून की तलाश। ऐसे स्थान पर जाना जहां प्राकृतिक सुंदरता भी हो और शांत वातावरण भी।

जहां परिंदों का कलरव भी हो और दूर-दूर तक पसरा सन्नाटा भी। जहां दरख्तों से नाता तोड़ते पत्तों का कालीन भी बिछा हो और जहां नवकोपलों का नर्म स्पर्श टहनियों पर किया जा सके। ऐसे खूबसूरत स्थान और यादगार सफर की तलाश पूरी करने के लिए इंदौरियों को बहुत ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं।

शहर के पास ही पर्यटक स्थल- शहर के आसपास ऐसे कई पर्यटक स्थल हैं जहां जाकर आप अपने दिल का चैन, आंखों का सुकून और स्मृतियों में सहेजने का खजाना बटोर सकते हैं। गर्मी के मिजाज अब तेज होने लगे हैं। ऐसे में हम इंदौरियों के सामने जो चुनौती है वह है ऐसे पर्यटक स्थल की तलाश की, जहां इस मौसम में जाया जा सकता हो और कम वक्त में लौटकर भी आया जा सकता हो।

इस समस्या का समाधान करते स्थान का नाम है जोगी कुंड। जो कि शहर से करीब 30 से 40 किमी दूर स्थित है। इस प्राकृतिक स्थल के बारे में बहुत ज्यादा लोगों को जानकारी नहीं होने से वर्तमान में यहां आवागमन कम होता है, इसलिए यहां शांति का अनुभव किया जा सकता है।

इस मौसम में भी यहां नदी और कुंड में पानी नजर आएगा। पानी कम ही है, लेकिन स्वच्छ बहुत है। कुंड कितना गहरा है इस बारे में नहीं कहा जा सकता, इसलिए बेहतर होगा कि कुंड में उतरने के बजाय किनारे पर ही बैठें और ठंडक चाहें तो कुंड के बाहर जहां से पानी बह रहा है वहां जरूर पैर पानी में डाल कर बैठ सकते हैं।

## कारोबारी रिंकू भाटिया के बंगले से नकाबपोश बदमाश लाखों का माल लेकर फरार




इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र में शराब कारोबारी रिंकू भाटिया के बंगले में चोरी की सनसनीखेज वारदात हुई है। नकाबपोश बदमाश कैश,विदेशी मुद्रा,ब्रांडेड घड़ियां,पर्स सहित लाखों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। पुलिस को पांच बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। फिंगर प्रिंट से बचने के लिए बदमाश हैंड ग्लब्स भी पहन कर आए थे। खिड़की की ग्रिल उखाड़ने के लिए जैक का इस्तेमाल किया है।

वारदात गुरुवार रात बिचौली हप्सी स्थित संपत फार्म कालोनी की है। शराब कारोबारी रिंकू उर्फ मनजीतसिंह भाटिया द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रात करीब सवा तीन बदमाश चार बदमाश बंगलें में घुसे थे। बदमाशों ने जैक लगाकर खिड़की की ग्रिल उखाड़ी और एक बदमाश अंदर घुसा।

उसने अंदर से दरवाजा खोला और साथियों को बुलाया। रिंकू ने पुलिस को बताया चोर करीब सात लाख रुपये का सामान ले गए हैं। भाटिया का बड़ा बंगला है।

करीब 50 लोगों का स्टाफ रहता है। गार्ड अपने रूम में सो रहा था। चोरों ने रूम को बाहर से बंद कर दिया। एक बदमाश बाहर बैठ गया था।

खेतों के रास्ते आए बदमाश दीवार कूद कर बंगले में घुसे

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले तो चार बदमाश बंगले में घुसते हुए नजर आए।

बाद में एक बदमाश भी जाते हुए दिखा। बदमाश खेतों के रास्ते आए थे।

दीवार कूद कर बंगले में घुसे थे। बदमाशों ने हैंड ग्लब्लस भी पहन रखे थे।

सभी ने स्पोर्ट्स शू पहन रखे थे। पुलिस का अनुमान है कि बदमाशों ने रैकी कर ली थी।

बंगले में घुसने और भागने के रास्ते भी जानते थे।

## पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेस्टीज में पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन



इंदौर। प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, यूजी कैंपस के लाइब्रेरी विभाग द्वारा लिबरल आर्ट्स और साइंस विभाग के छात्रों के लिए एक विशेष प्रदर्शनी-सह-पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ साहित्यिक अभिव्यक्ति, आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण को विकसित करना था।

प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न साहित्यिक कृतियों पर अपनी समीक्षाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें रचनात्मक लेखन, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और विचारों की गहराई प्रमुख रूप से देखने को मिली।

प्रतियोगिता में तरूषा जैन को प्रथम पुरस्कार, जबकि रुद्राक्ष कुशवाहा और नियति श्रीवास्तव को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का संचालन लाइब्रेरियन वर्षा दानी और फैकल्टी कोऑर्डिनेटर-लाइब्रेरी डॉ. मनीषा सिंघई द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके भीतर आलोचनात्मक मूल्यांकन व स्पष्ट अभिव्यक्ति के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के डायरेक्टर कर्नल डॉ. एस. रमन अय्यर, डीन (अकादमिक्स) डॉ. नितिन टांटेड, फैकल्टी सदस्य डॉ. वंशिका आर. गंगवानी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मंत्री श्री सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कनाडिया तालाब का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कनाड़िया में प्रस्तावित दौरे को लेकर शनिवार को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा के वार्ड क्रमांक 76 के कनाडिया में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं आयुक्त नगर पालिक श्री शिवम वर्मा भी मौजूद थे।



निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिलावट द्वारा तालाब के गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए। उन्होंने बताया कि उक्त तालाब का गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण तैयारियां समयबद्ध तरीके से की जाए। इस अवसर पर उन्होंने तालाब की पाल से सफाई की समुचित व्यवस्था करने एवं आम जन के श्रमदान की रूपरेखा को लेकर निर्देश दिये। इसके पश्चात समीप ही कनाडिया में मुख्यमंत्री के सभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गए।

इसके पश्चात मंत्री श्री सिलावट ने कनाडिया में ही इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 50 लाख रूपये की लागत से तैयार किये जा रहे अति प्राचीन अहिल्या बावडी का निरीक्षण किया और लोकार्पण हेतु शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री विश्वजीतसिंह सिसौदिया, अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत इंदौर सुश्री प्रियंका टैगोर, झोन प्रभारी श्री प्रभात तिवारी, श्री नितीश सिलावट, श्री कमल पटेल, श्री संजय शर्मा, श्री दिलीपसिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी श्री ओमनारायण बडकुल, तहसीलदार श्री शेखर चौधरी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम  वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम  वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# चैत्र नवरात्र में आठ दिन में पांच सर्वार्थसिद्धि व चार बार रवियोग

उज्जैन । चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा पर आज सर्वार्थसिद्धि योग के महासंयोग में चैत्र नवरात्र का आरंभ हो गया है। इस बार तिथि क्षय के कारण नवरात्र आठ दिन के रहेंगे। पर्वकाल में पांच बार सर्वार्थसिद्धि तथा चार बार रवियोग का संयोग बन रहा है। पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि विशिष्ट योग संयोग की उपस्थिति में देवी दुर्गा की आराधना शुभफल प्रदान करने वाली मानी गई है। तंत्र, मंत्र, यंत्र की सिद्धि के लिए भी यह योग विशेष है।

देश के 52 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में सुबह छह बजकर 15 मिनट पर घट स्थापना हुई। पुजारी महंत रामचंद्र गिरि ने बताया कि शक्तिपीठ की पूजन परंपरा में नवरात्र के नौ दिन माता हरसिद्धि शयन नहीं करती हैं, इसलिए मंदिर में शयन आरती नहीं होती है। शक्तिपीठ में शाक्त पूजन( शक्ति पूजा ) का विधान है। चैत्र व शारदीय नवरात्र में दोपहर 12 बजे कलेक्टर माता हरसिद्धि की पूजा- अर्चना करने आते हैं। शक्तिपीठ की मान्यता में यहां माता सती के दाहिने हाथ की कोहनी गिरी थी। नवरात्र में प्रतिदिन शाम सात बजे संध्या आरती के समय दीपमालिका प्रज्वलित की जाएगी।

एक अप्रैल = सुबह 11.8 बजे से सर्वार्थसिद्धि व रवियोग

दो अप्रैल = सुबह 8.50 बजे से सर्वार्थसिद्धि व रवियोग

चार अप्रैल = सुबह पांच बजे ब्रह्म मुहूर्त से सर्वार्थसिद्धि योग

छह अप्रैल = पुष्य नक्षत्र की साक्षी में सर्वार्थसिद्धि व रवि योग

हरसिद्धि व गढ़कालिका में प्रज्वलित होगी दीपमालिका

शक्तिपीठ हरसिद्धि में प्रतिदिन संध्या आरती के समय दीपमालिका प्रज्वलित होगी। भक्त मंदिर कार्यालय में 3100 रुपये की शासकीय रसीद कटवाकर दीपमालिका की बुकिंग करा सकते हैं।

सिद्धपीठ गढ़कालिका माता मंदिर में भी प्रतिदिन संध्या आरती में दीपमालिका प्रज्वलित होगी। भक्त मंदिर कार्यालय में 3300 रुपये की शासकीय रसीद कटवाकर दीपमालिका की बुकिंग करा सकेंगे।

## *अष्टमी पर नगर पूजा होगी*

चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर पांच अप्रैल को नगर पूजा होगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज पूजा-अर्चना करेंगे। सुबह आठ बजे गुदरी चौराहा स्थित माता महामाया व महालया की पूजा- अर्चना के साथ नगर पूजा शुरू होगी। इसके बाद 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी।

मतांतर से तृतीया व पंचमी का क्षय



पं. डब्बावाला ने बताया पंचांग की गणना दो प्रकार से की जाती है। पहली चित्राकैतकी तथा दूसरी गृहलाघवी, इसलिए तिथि की गणना में मतांतर आता है। चैत्र नवरात्र के संबंध में भी यही हुआ है। चित्रा कैतकी पद्धति वाले पंचांग में तृतीया व ग्रह लाघवी पद्धति वाले पंचांग में पंचमी तिथि का क्षय बताया गया है।

मां बगलामुखी मंदिर को सजाया गया है। भक्तों की सुविधा के लिए मुख्य द्वार के बाहर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। सुबह माता का आकर्षक श्रृंगार व विशेष पूजन किया जाएगा। नवरात्र के प्रथम दिन मंगला आरती में हजारों भक्ति शामिल होंगे। सुबह 10=30 बजे मां बगलामुखी को 56 प्रकार के पकवानों का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद पीतांबरा सेवा समिति द्वारा प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

बालकृष्ण उपाध्याय स्मृति

# महर्षि गौतम जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

उज्जैन। महर्षि गौतम जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन , आज सुबह सूर्य को अर्घ एवं हवन पूजन से मनाया गुड़ी पड़वा कल सांस्कृतिक संध्या एवं विधि वेत्ता बालकृष्ण उपाध्याय समाजसेवा गौतम रत्न पुरस्कार 2025 समाजसेवी प्रोफेसर श्री श्री कृष्ण जोशी पूर्व विभागाध्यक्ष चित्रकला विभाग माधव कॉलेज को प्रदान किया जाएगा।



महर्षि गौतम समाजोत्थान न्यास फ्रीगंज के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने बताया कि हर वर्ष न्यास गुर्जर गौड़ ब्राह्मणों के आराध्य न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम जयंती बड़ी धूम धाम से मनाती है इस वर्ष भी 2 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे आज सुबह अलका पूरी हनुमान मंदिर पर सूर्य को अर्घ प्रदान कर हवन पूजन पश्चात ठंडाई का वितरण किया गया

द्वितीय दिवस कल 31.3.2025 को प्रशांति गार्डन इंदौर रोड पर सांस्कृतिक संध्या एवं विधि वेत्ता बालकृष्ण उपाध्याय स्मृति गौतम रत्न समाजसेवा पुरस्कार 2025 वरिष्ठ समाजसेवी प्रोफेसर श्री श्री कृष्ण जोशी को प्रदान किया जाएगा । कार्यक्रम में समाज की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अतिथि माया राजेश त्रिवेदी राजेश त्रिवेदी जगदीश शर्मा नरेंद्र व्यास रहेंगे।

## झूलेलाल उद्यान में धूमधाम से मनाया चेटीचंड महोत्सव



उज्जैन। सिंधी कॉलोनी झूलेलाल उद्यान में 30 मार्च को चेटीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां विश्व की सबसे भव्य विराजित भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को फूलों से सजाया गया। लेजर लाइट आतिशबाजी से पूरा वातावरण जगमगा गया।

संयोजक महेश सीतलानी ने बताया कि प्रसाद में सिंधी व्यंजन, कड़ी चावल, हलवा, शरबत वितरित किया गया।

## नवसंवत वर्ष 2082 आरंभ पर अखंड हिन्दू युवा संगठन द्वारा विजय तिलक लगाकर एवं शीतल ठंडी फलहारी छाछ वितरण किया गया



उज्जैन। अखंड हिंदू युवा संगठन द्वारा रविवार को देवास गेट चौराह पर मंच बनाकर विक्रम नवसंवत 2082 चैत्र नवरात्रि हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सभी हिंदू भाइयों को विजय तिलक लगाकर एवं शीतल ठंडी फलहारी छाछ के पैकेट का वितरण किया गया। और सभी हिंदू भाइयों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस दौरान अखंड हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार चंदेल, संभाग अध्यक्ष संजय मीणा, जिला अध्यक्ष शुभम चौहान, जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष उमेश नामदेव, जिला संयोजक जितेंद्र प्रजापत, जिला महामंत्री दीपक प्रेमचंदनी, जिला उपाध्यक्ष राहुल माली, जिला सचिव शंकर प्रजापत, जिला कार्य कार्यालय मंत्री राजेश कच्छावा, शिवम कच्छावा, अरविंद कौशल, अखिलेश शर्मा, सूरज खींची, कुलदीप यादव, वेदप्रकाश मालवीय, राजू जायसवाल, संतोष मंडावा, नंदकिशोर मालवीय, संदीप मालवीय, नवीन राठौड़, विजय सिंगर, रामवीर सिंह राजपूत, ईश्वर गोस्वामी, रोहित कारपेंटर आदि उपस्थित थे।उक्त यह जानकारी नगर अध्यक्ष शिवम कच्छावा द्वारा दी गई।

# बाबा महाकाल के श्रीचरणों में 1250 किलो रत्नागिरी के हापुस आम अर्पित किये

## हिंदू नववर्ष के पहले दिन पुना के कोलते परिवार ने बाबा महाकाल को लगाया स्वर्ण वर्ख जड़ित आमों को चांदी के थाली में महाराजा भोग

उज्जैन। गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर पुना के डॉ. सागर, पत्नी डॉ. साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या, चिरंजीवी पुत्र सात्विक कोलते परिवार द्वारा बाबा श्री महाकालजी को महाराष्ट्र के रत्नागिरी के आमों का राजा हापुस आम का 1250 किलो, 125 डझन हापुस आम का महाभोग चढ़ाया गया।



प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी ने बताया कि हिंदू नववर्ष के पहले दिन करीब 4 लाख रूपये कीमत का 1250 किलो आमों का राजा हापुस आम अर्पित किया। स्वर्ण वर्ख जड़ित आमों को चांदी के थाली में महाराजा भोग साढ़े तीन मुहुर्त के शुभ अवसर पर बाबा के चरणों में महाकाल मंदिर के पुजारी राजेश पुजारी, आकाश पुजारी एवं लालू पुजारी द्वारा पूजन अर्चन कर अर्पित किया।

इस साल 2025 का प्रथम वृक्ष पर फलित, पूर्णतः नैसर्गिक पध्दति से फलित आमों के राजा हापुस आम 125 डझन आम का महाराजा भोग बाबा श्री महाकालजी को अर्पित किया।

साराध्यन हेल्थ केअर प्रा. लि., साध्या सार हेल्थकेयर प्रा.लि., सॅटर्न 7 कोस्मोहिल प्रा.लि., सोलटिक 22 के कॉस्मोहिल प्रा.लि. कंपनी के नवनिर्वाचित ऑफिस, औषधी कपनी की नींव सवरूप तथा डॉ. सागर, पत्नी डॉ. साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या, चिरंजीवी पुत्र सात्विक कोलते इनके परिवार कार्य, धनधान्यादी उन्नति, दृढ़ आरोग्य, संपत्ती कार्य सफलता के स्वरूप हेतु महाराजभोग अर्पण किया गया।

प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी से यह अवंतिका नगरी में पूर्णित तथा सफल स्वरूप किया गया। श्री बाबा महाकालजी कृपा निरंतर डॉ. सागर, पत्नी डॉ. साधना, पुत्र डॉ. साराध्य, पुत्री साध्या, चिरंजीवी पुत्र सात्विक कोलते परिवार की उन्नति, सुख संपदा, धनर्का, उच्चतम स्वरूप सुखी संपन्न रहे।

## अजाक्स संगठन की बैठक हुई संपन्न बाबा साहब के रथ यात्रा का 1 अप्रैल से होगा शुभारंभ



उज्जैन। फ्रीगंज स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अजाक्स संगठन द्वारा बाबा साहब के जन्म महोत्सव एवं संविधान धर्म जागरण यात्रा के कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष डॉ आर.एल. परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक शुरू करने से पहले बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद बैठक शुरू हुई जिसमें बाबा साहब के जन्म महोत्सव एवं संविधान धर्म जागरण यात्रा के कार्यक्रम को लेकर मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सहमति से निर्णय लिया गया है कि बाबा साहब का जन्म महोत्सव 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बाबा साहब की रथ यात्रा निकाल कर मनाया जाएगा। रथ यात्रा का शुभारंभ 1 अप्रैल मंगलवार को फ्रीगंज स्थित टावर से किया जाएगा। रथ के माध्यम से जिले के सभी गांव में जाकर यात्रा निकाली जाएगी और बाबा साहब का संदेश घर-घर तक संगठन द्वारा पहुंचाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहां की अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा संविधान बचाओ, भारत बचाओं अभियान को लेकर अजाक्स चला गांव की ओर, शुद्ध बनो बुद्ध बनो की भावनाओं के साथ भारत के संविधान की रक्षा के उद्देश्य को लेकर बाबा साहब अंबेडकर का भारतीय संविधान निर्माण में योगदान का स्मरण, सम्मान आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com